हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

11 यदुवंशी स्कूल में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता



12 जिला की 4 नगर पालिका व एक नगर परिषद ने 11...



# सुबह 9:04 बजे 100 किलोमीटर तक महसूस हुए भूकंप के झटके, झज्जर रहा इसका केंद्र

- भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर रही 4.4, धरती में गहराई 10.0 किलोमीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप का मुख्य कारण प्लेट टेक्टोनिक्स प्रकिया ही है। महेंद्रगढ़-देहरादून फाल्ट लाइन पर महेंद्रगढ़ जिले से कुछ हिस्सा रेवाड़ी, झज्जर व रोहतक होते हुए पानीपत और इसके बाद उत्तराखंड में देहरादून तक के शहर आते हैं। प्रदेश के झज्जर जिले में झज्जर के मात्र तीन किलोमीटर पूर्व में केंद्र राम पूरा गांव रहा, यहां वीरवार सुबह 9.04 मिनट पर भूकंप आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 रही है। इसकी धरती में गहराई 10.0 किलोमीटर रही। केंद्र से 100 किलोमीटर तक इस भूकंप के झटके महसूस किए गए।

भूगोल विद् प्रोफेसर डॉ चन्द्र मोहन के मुताबिक कि इस भूकंप की तीव्रता 4.4 मैग्नीट्यूड रही। जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल में भी इस भूकंप के झटकों को महसूस किया। नारनौल में जब भूकंप आया तो आमजन में डर का माहौल बन गया, जिसकी वजह से लोग अपने मकान और दुकानों से बाहर आ गए। हालांकि अभी तक किसी जान माल की हानि का कोई समाचार नहीं मिला है।

## यह रही भूकंप की स्थिति

केंद्र जिला झज्जर के गांव रामपूरा में अक्षांश 28.63 और देशांतर 76.68 में रहा है। इस भूकंप की तीव्रता 4.4 मैग्नीट्यूड रही और धरती के अंदर 10 किलोमीटर गहराई रही है। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप का मुख्य कारण प्लेट टेक्टोनिक्स प्रकिया ही है। महेंद्रगढ़-देहरादून फाल्ट लाइन पर महेंद्रगढ़ जिले से कुछ हिस्सा रेवाड़ी, झज्जर व रोहतक होते हुए पानीपत और इसके बाद उत्तराखंड में देहरादून तक के शहर आते हैं।

दिल्ली एनसीआर में पांच फाल्ट लाइन हैं। इनमें महेंद्रगढ़-देहरादून, दिल्ली-मुरादाबाद, दिल्ली-सरगौधा रिज और दिल्ली-हरिद्वार रिज शामिल है। इन फाल्ट लाइन में ही जमीन की अंदरूनी प्लेट आपस में टकराती है। इस प्रकार के छोटे छोटे भूकंप से बड़े पैमाने के भूकंप का अंदेशा नहीं रहता क्योंकि इस तरह से छोटे भूकंप द्वार पृथ्वी की ऊर्जा रिलीज होती रहती है, बड़े भूकंप के खतरें टल जातें हैं। एक सप्ताह पहले जिला महेंद्रगढ़ में भूकंप आया था।




नारनौल। मानचित्र में दर्शाया गया भूकंप का केंद्र।

### 2017 की मेगा मॉक ड्रिल में नारनौल शहर को अधिक खतरा

प्रदेश के हर जिला में 21 दिसम्बर 2017 को मेगा मॉक ड्रिल हुई थी। महेंद्रगढ़ जिला की स्थिति का आंकलन करने सेना अधिकारी नवीन कुमार आए थे। एक दिन पहले उन्होंने शहर की सकरी गलियों का पैदल दौरा किया था। अगले दिन मेगा मॉक ड्रिल की रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मॉक ड्रिल में निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि प्रदेश के अन्य जिलों से डेंजरस नारनौल शहर है। अगर यहां भूकंप आता है तो तीन से चार हजार की मौत और 50 हजार के करीब लोग घायल हो सकते है। शहर में करीब 50 से अधिक खंडहर भवन है। निरीक्षण के दौरान खुद उस वक्त की उपायुक्त डा. गरिमा मित्तल ने नगर परिषद को इन खंडहर इमारतों को गिराने के लिए कहा था। तोड़ने की बजाय नगर परिषद इन खंडहर इमारतों के मालिकों को नोटिस ही दे पाई है। आपको बताते चले कि नारनौल शहर व महेंद्रगढ़ जिला में जुलाई-2018 में भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार आंकी गई। फिर फरवरी-2019 में 3.9 तीव्रता से भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र महेंद्रगढ़ जिला रहा। इसके बाद जुलाई-2020 में भूकंप के टके सहने पड़े। उस वक्त भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई थी।

| रिक्टर पैमाने पर तीव्रता | प्रभाव |
|---|---|
| 0 से 1.9 | सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही पता चलता है। |
| 2 से 2.9 | हलका कंपन |
| 3 से 3.9 | कोई ट्रक आपके नजदीक से गुजर जाए ऐसा अहसास |
| 4 से 4.9 | खिड़कियां टूट सकती है। दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं। |
| 5 से 5.9 | फर्नीचर हिल सकता है। |
| 6 से 6.9 | इमारतों की नींव दरक सकती है। ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है। |
| 7 से 7.9 | इमारतें गिर जाती है। जमीन के अंदर पाइप फट जाते है। |
| 8 से 8.9 | इमारतों सहित बड़े पुल भी गिर जाते है। |

*9 और उससे ज्यादा पूरी तबाही। कोई मैदान में खड़ा हो तो उसे धरती लहराते हुए दिखाई देगी।*

### खबर संक्षेप

#### बस चलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** गांव मुंडायन व सुरजनवास के ग्रामीणों ने बस मुंडायन से महेंद्रगढ़ तक बस चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। रामनिवास पाटोदा ने बताया कि कोरोना से पहले महेंद्रगढ़ से वाया डुलाना, मेघनवास चौक, सुरजनवास, मुंडायन, बेवल, खैराना, खैरानी, राता कलां और राता खुर्द, नांगल जमालपुर, भैरू का बास कुंड तक सुबह, दोपहर और शाम विद्यार्थियों वन के लिए नारनौल डिपो की ओर से बस सेवा चलाई जा रही थी, लेकिन बाद में बस का संचालन बंद कर दिया गया।

#### मांग को लेकर एडीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सामाजिक संगठन की ओर से एडीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि आमजन के सहयोग से शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। कैमरे लगने के बाद पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी सहायता मिलती है, लेकिन करीब दो वर्ष से सभी सीसीटीवी खराब पड़े है। ऐसे में शहर में वारदात बढ़ रही है।

#### गाव बाछौद में दक्ष प्रजापति जयंती मनाई

**मंडी अटेली।** गांव बाछौद में गुरु पूर्णिमा के दिन दक्ष प्रजापति जयंती राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव व जिला प्रधान विजय सिंह ने अपने परिवार के साथ मनाई। उन्होंने बताया कि कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति किसी जाति विशेष के न होकर समस्त समाज के गुरु थे। पुराणों के अनुसार दक्ष प्रजापति परमपिता ब्रह्मा के पुत्र थे। दक्ष राजाओं के देवता थे। हम सबको गुरु दक्ष प्रजापति के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। यह पावन दिन गुरु पूर्णिमा न केवल ज्ञान, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि आज ही के दिन प्रजापति समाज के आदि गुरु, तपस्वी एवं यज्ञों के प्रवर्तक है। गुरु केवल वह नहीं जो हमें शिक्षा देता है।

## राजकीय महाविद्यालय में 1280 में से 759 व राजकीय महिला महाविद्यालय में 734 सीट रह गई खाली

# दो मेरिट सूची के बाद भी करीब 73 प्रतिशत सीट रह गई खाली, दाखिले के लिए पोर्टल फिर से ओपन

- विद्यार्थी 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये अतिरिक्त फीस देकर कर सकेंगे आवेदन, फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्नातक विषय में दाखिले के लिए दो मेरिट सूची व ओपन काउंसिलिंग के बाद करीब 73 प्रतिशत सीटें खाली रह गई है। विभाग की ओर से दाखिले के लिए एक बार फिर से पोर्टल खोल दिया गया है। इस दौरान दाखिले लेने से वंचित रह गए विद्यार्थी 100 रुपये अतिरिक्त फीस देकर दाखिला ले सकेंगे। वहीं जिन विद्यार्थियों के आवेदन में गलती रह गई थी, वह भी आवेदन में सुधार कर दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

बता दें कि जून माह में उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक कोर्स के दाखिले का शेड्यूल जारी किया गया था। विभाग की ओर से कॉलेजों 14 से 17 मई तक पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का समय दिया गया था। वहीं विद्यार्थियों को नौ जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का समय दिया गया था, लेकिन कॉलेज में करीब 50 प्रतिशत सीट खाली रह गई थी। ऐसे विभाग की ओर से एक सप्ताह के लिए अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया था।

आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अभी भी कॉलेजों में 30 प्रतिशत सीटें खाली रह गई थी। 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। वहीं मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थी 30 जून तक फीस भर कॉलेज में दाखिला लेने का समय दिया गया था। इसके बाद विभाग की ओर से दो जुलाई को अस्थाई दूसरी मेरिट सूची तथा तीन जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी की गई थी। चार से सात जुलाई तक मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी फीस जमा करने का समय दिया गया था। नौ जुलाई को खाली सीटों पर फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले हुए थे। अब विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए फिर से पोर्टल ओपन कर दिया गया है। 11 से 17 जुलाई तक विद्यार्थी 100 रुपये देकर आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 18 से 24 जुलाई तक विद्यार्थी फिजिकल काउंसिलिंग में शामिल होकर प्रतिदिन 100 रुपये के हिसाब अतिरिक्त फीस भरकर दाखिला ले सकेंगे।




महेंद्रगढ़। राजकीय महिला कॉलेज महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

### स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष में 30 तक ले सकेंगे दाखिले

महेंद्रगढ़। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के दाखिले के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। विद्यार्थी 30 जुलाई तक फीस जमाकर दाखिला ले सकेंगे। इसके बाद लेट फीस के माध्यम से दाखिले होंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के दाखिले दिशा निर्देश जारी किए है। विभाग ओर से जारी निर्देशों के अनुसार कॉलेजों को डीएचई की साइट पर अपने कोर्स फीस व अन्य विवरण अपडेट करने होंगे। एडिड और राजकीय कॉलेजों में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड से फीस भरी जा सकेगी, जबकि निजी व एडिड कॉलेजों में यह ऑफलाइन ही होगी। 30 तक फीस भरकर द्वितीय अथवा तृतीय वर्ष में दाखिला ले सकता है। एक से सात अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस रहेगी। जबकि आठ से 14 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ रोजाना 100 रुपये के हिसाब से लेट फीस ली जाएगी। डीएचई ने टोल फ्री नंबर 1800-180-2133 भी जारी किया है, जिस पर कोई भी विद्यार्थी काल कर दाखिला संबंधी जानकारी हासिल कर सकता है।

### करीब 30 प्रतिशत सीटें रह गई खाली

राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में 1260 सीट पर 655 आवेदन आए थे। दो मेरिट सूची जारी होने के बाद कॉलेज के बीए विषय में 330, बीकॉम में 40, बीसीए में सात, फिजिकल साइंस में 277, लाइफ साइंस में 105 सीट खाली रह गई है। कॉलेज में अभी भी 759 सीटें खाली है। राजकीय महिला महाविद्यालय में 1080 सीट पर 916 आवेदन आए है। दो मेरिट के महिला कॉलेज में बीए में 495, बीकॉम 139, अंगेजी ऑनर्स 36, लाइफ साइंस में 37 व फिजिकल साइंस में 27 खाली है।

*राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़*

| कोर्स | सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|
| बीए | 600 | 330 |
| बीकॉम | 80 | 40 |
| बीसीए | 40 | 7 |
| लाइफ साइंस | 160 | 105 |
| फिजिकल साइंस | 400 | 277 |
| कुल | 1280 | 759 |

*राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़*

| कोर्स | सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|
| बीए | 720 | 495 |
| अंग्रेजी ऑनर्स | 40 | 36 |
| बीकॉम | 160 | 139 |
| लाइफ साइंस | 80 | 37 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 27 |
| कुल | 1080 | 734 |

## समस्याओं को बेझिझक रखें नागरिक: सीटीएम

- समाधान शिविरों में नागरिकों को एक ही छत के नीचे अपनी समस्याओं का समाधान करने का मिल रहा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में नागरिकों को एक ही छत के नीचे अपनी समस्याओं का समाधान करने का मौका मिल रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को जिला स्तर पर के लघु सचिवालय में नगराधीश मंजीत कुमार ने 59 जन शिकायतें सुनी। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया।

सीटीएम ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की ओर से आमजन को उपलब्ध कराया गया एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफार्म है। ऐसे में अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता के साथ सुने और उसका समाधान करें। उन्होंने बताया कि यहां नागरिक व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को बेझिझक रख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक समस्या को समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसके बाद एक सप्ताह के अंदर अंदर उसे समस्या का समाधान करते हुए रिपोर्ट दाखिल की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सभी उपमंडल स्तर पर इसी प्रकार समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते सीटीएम मंजीत कुमार।

## समस्याओं का समाधान ही पहली प्राथमिकता: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

लघु सचिवालय में वीरवार को एडीसी सुशील कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारी को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान ही प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन सोमवार और वीरवार को उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन में भरोसा समय के साथ और बढ़ता जा रहा है। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, राजस्व विभाग से जुड़े इंतकाल व जमाबंदी, अतिक्रमण हटवाने, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, डीएसपी दिनेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अलका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। शिविर में आमजन की शिकायत सुनते एडीसी। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। अनाज मंडी में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

## बारिश से अटेली क्षेत्र हुआ जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र में चारों तरफ अच्छी बारिश हो रही है जिससे लोग को उमसभरी गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता सताई जा रही है, उनके खेतों में अधिक बरसात होने की वजह से पानी जमा है, जिससे फसल खराब होने की संभावना है। बारिश से अटेली शहर का बुरा हाल है। अभी पिछले दिनों छह लाख रुपये में नाला सफाई के टैंडर छोड़े गए थे। जिस पर कार्य किया गया था, लेकिन खानापूर्ति कर साफ सफाई कर दी गई। पिछली दो बरसात के दौरान पानी जमा हुआ ही नजर आया। सड़कों पर नालों के अंदर व दुकानों में भी पानी घुस चुका था। बुधवार रात व वीरवार दिन में बरसात होने की वजह से दुकानदार के पास ग्राहक न पहुंचने के चलते काम ठप रहा। वहीं अच्छी बरसात के चलते अटेली मंडी नई अनाज मंडी, बस स्टैंड, नारनौल रेवाड़ी रोड व खेतों में पानी की झील बनी हुई नजर आई।

**जानकारी**

## सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने ली जनपरिवेना समिति की बैठक

# पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अमृत 2.0 योजना से 148 करोड़ का एस्टीमेट तैयार

- हरियाणा सरकार प्रत्येक वर्ग व हर क्षेत्र का समानुपातिक विकास करवाने को प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार प्रत्येक वर्ग तथा हर क्षेत्र का समानुपातिक विकास करवाने को प्रतिबद्ध है। वह वीरवार पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बैठक में पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे गए।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन-रात कार्य कर रहे हैं। सरकार सेवा और सुशासन के मॉडल पर चल रही है।

जेलों में सुरक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। परिंदा भी पर नहीं मार सकता। हरियाणा की जेल पूरी तरह से सुरक्षित है। इससे पहले सहकारिता मंत्री ने जनपरिवेना समिति की मासिक बैठक में समिति के नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वह अधिकारियों के साथ मिलकर और बेहतर तरीके से लोगों की सेवा करने का कार्य करें।



नारनौल। पंचायत भवन में नागरिकों की शिकायतें सुनते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा।

### नारनौल एसडीएम और डीआरओ करेंगे जांच

हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा की ओर से पेश हुई लता शर्मा ने राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी की शिकायत पर अपनी बात रखी। इस पर सहकारिता मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम नारनौल तथा जिला राजस्व अधिकारी के अलावा दो जनपरिवेदना समिति के सदस्यों को शामिल करके एक जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। नारनौल के नसीबपुर व नूनी अव्वल में पेयजल की समस्या के संबंध में संजय कुमार की शिकायत पर अधिकारियों ने बताया कि नसीबपुर व नूनी अव्वल में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान के लिए शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 148 करोड़ रुपये की लागत से नए प्रोजेक्ट का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। यह दोनों गांव अब नगर परिषद में शामिल हैं। इस पर सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए कि तब तक उन्हें अस्थाई रूप से टैंकरों के माध्यम से सप्लाई दी जाए। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसपी पूजा वशिष्ठ, भाजपा जिला प्रधान यतेंद्र राव, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब


सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।

### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

---

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

## समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली,
**मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

---

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

---



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

## परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

---

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

---

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप



### गांवों में चलाया स्वच्छता अभियान

**नारनौल।** जिले में स्वच्छता अभियान को लगातार तेजी मिल रही है। पिछले कई हफ्तों से जिले के हर ब्लॉक के एक गांव में प्रतिदिन सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में यह अभियान अगले कई हफ्तों तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान जिले के सभी गांवों को कवर किया जाएगा। इसी कड़ी में वीरवार को कारिया, झिगावन, सिसोठ, दताल, डोहर खुर्द, नारेहड़ी, सोहड़ी तथा खत्रीपुर आदि गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



### महाराज दक्ष प्रजापित को किया याद

**नारनौल।** प्रगतिशील प्रजापति संगठन की ओर से कुम्हार धर्मशाला नसीबपुर में महाराज दक्ष प्रजापति समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान बनवारी लाल, उप प्रधान लालाराम व सीताराम प्रधान, रमेश कुमार एडवोकेट सचिव ने कहा कि महाराज दक्ष प्रजापति के उद्देश्य, सामाजिक योगदान, जीवन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात कर नई पीढ़ी तक पहुंचना ही महाराज दक्ष प्रजापति समारोह का मुख्य उद्देश्य है। प्रगतिशील प्रजापति संगठन के सदस्य नसीबपुर 13 जुलाई को भिवानी में आयोजन में होने वाले राज्य स्तरीय महाराज दक्ष प्रजापति समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। जिसके लिए गांव गांव में प्रचार प्रसार अभियान जारी है। भिवानी में होने वाले राज्य स्तरीय महाराज दक्ष प्रजापति समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे।



### भोजावास में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**नारनौल।** गांव भोजावास में मीरा बाई आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। आश्रम में भंडारा आयोजित किया गया। जहां आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने समाजसेवा व शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साध्वी मीरा बाई महात्मा को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतरलाल ने कहा कि साध्वी मीरा का व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। साध्वी मीरा बाई ने गुरु पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए समाज व देश की खुशहाली की कामना की।

---

पंचकूला के इंदरधनुष सभागार में कल होगा सम्मान समारोह

# आरोही मंढाणा की होनहार बेटियों को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

छात्राओं की शानदार उपलब्धि समस्त आरोही विद्यालय मंढाणा के स्टाफ व अभिभावकों को गौरवान्वित करने वाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के मार्च परीक्षा परिणाम में 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र व छात्राओं को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 12 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह पंचकूला के इंदरधनुष सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मेधावी विद्यार्थियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। बोर्ड परीक्षा में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा का मान बढ़ाने वाली बेटियां व माता पिता का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाली आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा की तीन बेटियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए बुलाया गया है। अपने माता पिता का सीना गर्व से चौड़ा करने वाली इन बेटियों में भूमिका पुत्री सुभाष चंद गांव नांगल चौधरी, जिसने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। करिश्मा पुत्री गोविन्द सिंह गांव नांगल चौधरी ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में वाणिज्य संकाय में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है, दिव्या पुत्री राजेंद्र सिंह गांव नांगल चौधरी, जिसने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया हैं।

विद्यालय प्राचार्य लीलूराम यादव व समस्त स्टाफ ने तीनों छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य लीलूराम यादव ने बताया कि छात्राओं की यह शानदार उपलब्धि समस्त आरोही विद्यालय मंढाणा के स्टाफ व अभिभावकों को गौरवान्वित करने वाली है। तीनों ही छात्राएं बहुत मेहनती रही हैं। इन छात्राओं की मेहनत काबिले तारीफ हैं। जिसके परिणाम स्वरूप इन छात्राओं ने जिला स्तर पर पहला स्थान प्राप्त करके आरोही बिद्यालय और अपने माता पिता का मान राज्य स्तर पर बढ़ाया हैं। इससे पहले भी पिछले वर्ष आरोही मॉडल विद्यालय मंढाणा के छह छात्र व छात्राओं जतिन अग्रवाल, अमन बंसल, अंशुका, थावर सिंह, काया शर्मा, इशांत को बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिला स्तर पर पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में सम्मानित किया था, जो की एकमात्र आरोही स्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों की संख्या सबसे अधिक थी।

#### गुरुजनों के मार्गदर्शन में हासिल किया लक्ष्य



*बहुत खुशी हो रही हैं कि मुख्यमंत्री से सम्मानित होने का अवसर मिलेगा। यह मेरे विद्यालय व माता पिता के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। इससे मेरा आत्म विश्वास बढ़ा है। मैं और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित हूं।*

*-दिव्या, दसवीं टॉपर*

#### खुशी शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती



*मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित करने के लिए मुझे बुलाया गया हैं। मैं बहुत खुश हूं तथा अपनी खुशी को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पा रही हूं। मैंने कक्षा बारहवीं में पांच से छह घंटे पढ़ाई की और परीक्षा परिणाम में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। मेरे माता पिता के सहयोग व आरोही विद्यालय के गुरुजनों के मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं।*

*-भूमिका, जिला टॉपर विज्ञानं संकाय*

---



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में गुरु पुर्णिमा अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य रवि प्रकाश की ओर से की गई। मिडिल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गुरु पुर्णिमा पर भाषण प्रतियोगिता, नृत्य, मैंगो डे सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल चैयरमेन डॉ.. बीरसिंह यादव ने बताया कि गुरु का स्थान भगवान के समान है, क्योंकि संसार के सभी रास्ते बंद हो जाए तो गुरु ही सारथी होता है, जो बंद रास्तों को खोलना सीखा देता है। स्कूल के सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। गुरु हमें अंधकार व अज्ञानता से बचाता है तथा सही मार्ग दिखाता है। हमें अपने गुरुओं का आदर व सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु न केवल शिक्षा प्रदान करते है, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने में भी मदद करते हैं। स्कूल के प्राचार्य रविप्रकाश ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु के प्रति आस्था का प्रतीक है। प्राचीन इतिहास से लेकर आज के आधुनिक युग तक, जिसने भी गुरु का सम्मान किया है, वो अपने लक्ष्य में सफल हुआ है, लेकिन आज का युवा गुरु शिष्य की परंपरा को समझने में असमर्थ है। वह भौतिकवाद की चकाचौंध में खोया हुआ है।

---

## यदुवंशी स्कूल में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी स्कूल में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व प्राधिकरण सचिव नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यह कार्यक्रम सड़क पर बढ़ते हादसों की रोकथाम और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीया ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय, हर्षित राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, पेंटिंग प्रतियोगिता में नैना प्रथम, त्रिधा द्वितीय, तनीष तृतीय स्थान पर रहा, श्लोगन प्रतियोगिता में चहक प्रथम, नव्या द्वितीय तथा निपुण ने तृतीय, कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों में श्लोगन प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम, मोहिता द्वितीय, गुंजन तृतीय स्थान पर रही, पेंटिंग प्रतियोगिता में पीयूष प्रथम, यशिका द्वितीय व निधि तृतीय स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में हर्षित यादव प्रथम, सिद्धार्थ यादव द्वितीय व हिमांशु पाल तृतीय, कक्षा नौवीं से बाहरवीं तक की पेंटिंग प्रतियोगिता में वीनू प्रथम स्थान, तेजस द्वितीय स्थान व प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही, श्लोगन प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, कार्तिक द्वितीय, प्राची, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, नीतू द्वितीय व मानव ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थी 22 जुलाई को खंड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्राचार्य पवन कुमार ने सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुझे यह जानकर गर्व हो रहा है कि सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा कार्यक्रम में यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया और समाज को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने में अपना योगदान दिया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव आदि मौजूद थे।

## रोड सेफ्टी टूल्स परीक्षा का आयोजन



नारनौल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे रोड रूल्स सेफ्टी टूल्स अभियान के अंतर्गत वीरवार को खण्ड नांगल चौधरी के विभिन्न स्कूलों में परीक्षा आयोजित की गई। खण्ड संयोजक डॉ. संजय शर्मा व डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने विभिन्न स्कूलों में जाकर इसका अवलोकन किया।

डॉ संजय शर्मा ने बताया कि कि सड़क सुरक्षा पर आधारित यह परीक्षा नांगल चौधरी खण्ड के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। परीक्षा में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी हिस्सा लिया। इसको लेकर जिला ट्रैफिक पुलिस, जिला शिक्षा अधिकारी, डीएलएसए, जिला कमांडेंट टेकचन्द यादव ने बैठक करते हुए स्कूलों के साथ कार्ययोजना सांझा की है। उन्होंने बताया कि खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 जुलाई व जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 30 जुलाई को किया जाएगा।

---



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राव सुल्तान सिंह में गुरु पुर्णिमा पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** गांव निम्बेहड़ा स्थित राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महर्षि वेदव्यास के चरणों में पुष्प अर्पित किए गए। एडवोकेट सतपाल यादव ने कहा कि गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत पवित्र होता है तथा गुरु को परमात्मा से भी बढ़कर माना गया है। हमें अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहिए। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह सनातन धर्म और संस्कृति का हिस्सा है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। गुरु भारतीय सभ्यता में विशेष महत्व रखते हैं और व्यक्ति को सही दिशा में ले जाने का कार्य करते हैं। उनकी कृपा से ही व्यक्ति का जीवन सफल होता है। उन्होंने बच्चों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में गुरु पुर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल खड़खड़ा आकोदा में वीरवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के सीईओ राकेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य रामनिवास यादव ने की। सीईओ राकेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में गुरु का एक बड़ा महत्व होता है। जो हमें अंधकार से प्रकाश की और ले जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से बड़ा दर्जा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को गुरु व शिक्षक का सम्मान करना चाहिए। गुरु व शिक्षक के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर अपना जीवन महान बनाना चाहिए। गुरु के बिना बच्चों का जीवन शून्य होता है। इसलिए गुरु की महत्वता जीवन में अधिक होती है। प्राचार्य रामनिवास यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु हमें धर्म सदाचार व सकारात्मक कर्तव्य पथ पर हमें अग्रसर करते हैं। इसलिए हमें पूरी निष्ठा एवं समपर्ण भाव से उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अनुसरण करना चाहिए।

## जीनियस अकेडमी के सामने हुआ जलभराव, छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पानी के बीच स्कूटी लेकर जाती महिला। फोटो : हरिभूमि

सावन की पहली बारिश में कॉलेज रोड़ में जलभराव की स्थिति बन गई है। जलभराव के कारण कॉलेज मॉडल संस्कृति स्कूल एवं जीनीयस अकेडमी में पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वीरवार को करीब 50 बच्चों की बाइक एवं स्कूटी बीच रास्ते में ही बंद पड़ गई। कुछ छात्राओं की स्कूटी बीच पानी में ही बंद पढ़ने से उन्हें पैदल ही घर जाना पड़ा। इस रास्ते पर जलभराव से आमजन का निकलना दुबर हो गया है। इस रास्ते से रोजाना हजारों विद्यार्थियों का आवागमन रहता है। शहर में नया रोड के निर्माण से शहर का सारा पानी इसी रास्ते पर जमा हो रहा है। जिसकी निकासी का कोई ठोस प्रबंध न होने से सभी को इसी पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जीनियस अकेडमी ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है।

---

## दी वेदांता स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



नारनौल। गुरु पूर्णिमा पर्व में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दी वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रत का आयोजन किया गया। इस अवसर के पर छात्र छात्राओं ने अपने गुरुओं के सम्मान में अनेक प्रकार की कविताएं, भाषण, भजन व नृत्य आदि प्रस्तुत किए। स्कूल के चेयरमैन विनोद कुमार ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु ही एक ऐसा माध्यम है, जो हमें अज्ञानता के अन्धकार से उठाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर लेकर जाता है। इसलिए जीवन में गुरु का महत्व सबसे ज्यादा बताया गया है। इस मौके पर स्कूल के सभी बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों की मनमोहक गुरु वंदना ने सभी का मन मोह लिया। अन्त में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की।

# आरपीएस के सीईओ इंजी. मनीष राव को गुगल फॉर एजुकेशन की ओर से मिला अंतरराष्ट्रीय स्तरीय सम्मान

- एजुकेशन आइकन ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 से भी नवाजे जा चुके है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव को गुगल फॉर एजुकेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। उनको यह सम्मान विकसित भारत को लेकर किए जा रहे सराहनीय कार्य को लेकर दिया गया है। इससे पहले भी मनीष राव को एजुकेशन आइकन ऑफ द ईयर अवार्ड-2024 से नवाजा जा चुक़ा है। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय योगदान को लेकर दिया गया था। आरपीएस परिवार ही नहीं अपितु अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोगों ने इस उपलब्धि के लिए इंजी. मनीष राव को बधाई देते हुए उनके द्वारा फैलाए जा रहे शिक्षा के प्रकाश तथा सामाजिक कार्यों की सराहना की।

इंजी मनीष राव के पिता स्व. एडवोकेट डॉ. ओपी यादव महेन्द्रगढ़ बार एसोसिएसन के प्रतिष्ठित एडवोकेट थे। जिन्होंने इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने की सोच को साकार रूप देने के उद्देश्य से संसाधनों का अभाव होते हुए भी 1998 में 350 विद्यार्थियों के साथ सतनाली रोड पर गांव खातोद में एक छोटे से विद्यालय का शुभारम्भ किया।

मनीष राव ने बतौर विद्यालय के सीईओ इस क्षेत्र में कदम बढ़ाया जिसमें आरपीएस के फाऊंडर डॉयरेक्टर डॉ. ओपी यादव का अविस्मरणीय व विशेष सहयोग कदम-कदम पर रहा। । इसके साथ-साथ उनकी माता विमला देवी, उनकी भाभी आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, भाई एडवोकेट नरेन्द्र राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव व भतीजे कुनाल राव का शिक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों को छूने में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।




इंजी. मनीष राव

### बच्चों को संस्कार व शौध युक्त शिक्षा देना उद्देश्य

इंजी. मनीष राव ने अपने विद्यालय में विद्यार्थियों की रट्टा प्रवृति को मिटाकर प्रत्येक विषय को समझकर रचनात्मक कार्य पर बल दिया। विद्यार्थी भी रचनात्मक कार्य करके शिक्षा के प्रति जागरुक हुए जो आज देश के बड़े पदों पर पहुंचें। सरकार की योजना 134ए के तहत गरीब विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है व अन्य आर्थिक तौर पर कमजोर सभी वर्ग के विद्यार्थियों को संस्था में निःशुल्क पढ़ने का मौका मिल रहा है। इसके अलावा विभिन्न समाज सेवियों द्वारा चलाए जाने वाले भारतीय संस्कृति उत्थान के संरक्षण कार्यक्रमों में अपना अमूल्य योगदान, विभिन्न स्थानों पर ब्लाइंड स्कूलों, अनाथालयों, गऊशालाओं, देवालयों, सरकारी अस्पतालों में अनाज व धन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराकर भरपूर सहायता देने का काम सराहनीय है।

---

**सूचना**

मैं, सत्यवीर सिंह पुत्र श्री रामकुमार यादव निवासी ढाणी नावता, तहसील बुहाना, राजस्थान हाल आबाद निवासी महेन्द्रगढ़, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र धर्मबीर उर्फ अतुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै हनुमान प्रसाद पुत्र बनवारी लाल वासी मोहल्ला कोलियान नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिता बनवारी लाल का देहान्त 22.12.2021 को हो चुका है। उनका एक रिहायसी मकान खसरा नं. 10111 मोहल्ला कोलियान में है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1 हनुमान प्रसाद पुत्र 2 पिस्ता देवी पुत्री 3 हर गोविन्द पुत्र 4 हरि. बलास पुत्र 5 हरदयाल पुत्र इनके अलावा उनके और कोई कानूनी वारिस नहीं है। किसी को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति नगर परिषद कार्यालय में जमा करवाएं।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में गुरु पुर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल खड़खड़ा आकोदा में वीरवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के सीईओ राकेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य रामनिवास यादव ने की। सीईओ राकेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में गुरु का एक बड़ा महत्व होता है। जो हमें अंधकार से प्रकाश की और ले जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से बड़ा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुरु व शिक्षक का सम्मान करना चाहिए।


नारनौल। बैठक में मौजूद क्लब के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी वर्ष के समापन पर आम सभा का आयोजन

**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी का वार्षिक कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रधान विनोद चौधरी ने आम सभा बैठक कर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी क्लब ने जनहित से जुड़े अनेक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। रोटरी रसोई, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधारोपण, नेकी की दीवार, रोटरी लाइब्रेरी, डायलिसिस सेंटर, गर्मी के मौसम में आरओ युक्त आठ वाटर कूलर इस वर्ष आदि कार्यक्रम हुए।

# 13 जुलाई को होंगे श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 31 वार्डों के कॉलेजियम चुनाव

- सभा भवन के नजदीक यूरो किड्स स्कूल में होगा मतदान
- मतदाताओं को पहचान पत्र लाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 87 कॉलेजियम वार्डों में से 31 वार्डों के चुनाव 13 जुलाई को होंगे। वहीं 56 वार्डों से कॉलेजियम सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने बताया कि 56 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन के बाद 31 वार्डों के कॉलेजियम सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनाव होने हैं। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को होने वाले इस चुनाव में मतदान का समय प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक है। इसके बाद मतगणना करके, उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान भगवान परशुराम कर्तव्य पथ पर स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा भवए के पास स्थित यूरो किड्स स्कूल में होगा। मनीष वशिष्ठ ने बताया कि मतदान के लिए मतदाता को अपना फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।


नारनौल। चुनाव की तैयारियों की जानकारी देते चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

यदि कोई मतदाता अपना फोटो पहचान पत्र नहीं लाता है तो वह मतदान नहीं कर सकेगा। यदि प्रत्याशी पोलिंग एजेंट व गणना एजेंट नियुक्त करवाना चाहता है, तो उनकी दो दो पासपोर्ट साईज फोटो तथा उनके पहचान पत्र की प्रति उसके लिए निर्धारित प्रपत्र पर 12 जुलाई तक जमा करवा सकता है।

#### इन वार्डों का होगा चुनाव

*चुनाव अधिकारी ने बताया कि वार्ड नम्बर दो से प्रवीण कौशिक व मनोज शर्मा, पांच से साधुराम व गोपाल कृष्ण, नौ से देशराज व तेजराम महता, 11 से हंसराज व देवेन्द्र, 22 से नरेन्द्र झिमरिया व जनार्दन मिश्रा, 24 से सुरेश चन्द व सुरेन्द्र शर्मा, 45 से इन्द्रलाल व विनोद कुमार, 47 से सुकेश दीवान व भीमसेन, 48 से लक्ष्मीकांत व आनन्द, 51 से विजय कुमार व कृष्ण भारद्वाज, 52 से महेश दीक्षित व मनमोहमन दीक्षित, 54 से हेमन्त कृष्ण भारद्वाज व अशोक कुमार शर्मा, 56 से अशोक कुमार व विपिन, 58 से नवीन कुमार व किशनलाल शर्मा, 62 से देवदत्त शास्त्री व सुरेन्द्र प्रसाद, 65 से मोहनलाल व धीरेन्द्र कुमार, 66 से मनोज कुमार, लोकेश कुमार व अनिल कुमार, 67 से अमित पाण्डे व तरूण पाण्डे, 69 से किशनलाल गौड़ व कृष्ण कुमार शर्मा, 70 से राकेश कुमार व दीनेश कुमार, 71 से राकेश कौशिक व राजकुमार कौशिक, 72 से शंकर सुमन एडवोकेट व अजय शर्मा एडवोकेट, 73 से भूपेश कुमार व सोमनाथ शर्मा, 76 से मदनलाल एडवोकेट व आलोक शर्मा, 77 से खेमचन्द व राकेश महता एडवोकेट, 79 अर्जुनलाल एडवोकेट व महेन्द्र कुमार, 81 से नवीन बोहरा व गोपाल कृष्ण शांडिल्य, 82 से विजय कुमार गोस्वामी व नन्दकिशोर, 83 से प्रभाष छक्कड़ व मनमथ गोस्वामी, 84 से सुरेश कुमार व सिद्धार्थ शर्मा, 86 से अनिल कुमार व रामनारायण के बीच में मुकाबला है।*

## नपा और नगर परिषद में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति प्रदेश सरकार ने की

# जिले की 4 नगर पालिका व एक नगर परिषद में 11 पार्षद हुए मनोनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला की चार नगर पालिका और एक नगर परिषद में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति प्रदेश सरकार ने की है। इनमें अधिकांश भाजपा के पुराने सक्रिय सदस्य और कुछ नए सदस्यों को शामिल किया है। इनकी नियुक्ति के बाद अब यह नगर निकाय की बैठकों में हिस्सा लें सकेंगे और जनहित के मुद्दों को उठाकर उन्हें पूरा करवाने में सहयोग कर सकेंगे।

जिला महेंद्रगढ़ की चार नगर पालिकाओं में दो-दो यानी आठ और एक नगर नगर परिषद में तीन यानी कुल 11 मनोनीत वार्ड पार्षदों की नियुक्ति की है। पार्षदों की इस नियुक्ति में भाजपा के संगठन से जुड़े पुराने चेहरों को तव्वजों दी गई है। वहीं एक दो नए चेहरे भी शामिल किए गए हैं। नारनौल शहर में नगर परिषद की बात करें तो तीन मनोनीत पार्षद की नियुक्ति हुई है, उनमें नारनौल से संजय अमन, सुदर्शन बंसल व जगदीश पासी शामिल हैं।

खास बात यह है कि वार्ड नंबर 25 से दो मनोनीत पार्षद रहते है। तीसरे का व्यापार इसी वार्ड में है। महेंद्रगढ़ की बात करें तो नगर पालिका से सीनेमा रोड पर रहने वाले लक्ष्मीकांत शर्मा व मोहल्ला खटीकान के मुकेश कुमार को मनोनीत पार्षद बनाया गया है। अटेली से वार्ड नंबर 11 के धर्मेंद्र शर्मा और वार्ड नंबर सात के परेमश्वर दयाल को पार्षद बने है। वहीं कनीना नगर पालिका से वार्ड नंबर 13 वासी सवाई सिंह व नीलम कुमारी को पार्षद सरकार ने बनाया है। नांगल चौधरी नगर पालिका में गांधी बाजार वासी गोविंद देव मोदी व निहाल सिंह को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है।


मंडी अटेली। मनोनीत पार्षदों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व अन्य।


संजय अमन।


सुदर्शन बंसल।


जगदीश।

- चुनाव हारे लेकिन सरकार ने बनाया पार्षद, अब करेंगे जनता की पैरवी

### नपा के चुनावों में हारे, सरकार ने मनोनीत पार्षद बनाया

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका में दो नगर पार्षद मनोनीत किए हैं। इनको मिलाकर अटेली नगर पालिका में कुल 14 पार्षद हो गए हैं। महेंद्रगढ़ जिले में वीरवार को 11 मनोनीत पार्षदों की सूची जारी की है। अटेली के मनोनीत पार्षद सूची में धर्मेंद्र शर्मा व परमेश्वर दयाल है। दोनों ने मंत्री अरविंद शर्मा व भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव के कार्यालय नारनौल पर लड्डू व मिठाई खिलाकर पार्टी का आभार प्रकट किया। धर्मेंद्र शर्मा की अटेली कस्बे में दो बार पत्नी पार्षद निर्वाचित भी हो चुकी है, जबकि परमेश्वर दयाल 1980 से पार्टी के वर्कर है। वहीं धर्मेंद्र शर्मा आरएसएस के कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं तथा बाबरी मस्जिद विध्वंस के मामले में धर्मेंद्र शर्मा अलवर जेल में भी रहे हैं। सेठ परमेश्वर दयाल ने बताया कि वह भी आरएसएस का स्वयंसेवक रहा है। धर्मेंद्र शर्मा ने नपा के वार्ड नंबर 11 से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। दोनों ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।



नारनौल। गुरु पूर्णिमा पर्व में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विद्या भारती स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- कगुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है

विद्या भारती पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जिन्होंने मानव को ज्ञान, धर्म व सभ्यता के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व संस्था की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संस्था की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। प्राचीन काल से गुरु और शिष्य का बंधन त्याग, बलिदान तथा सच्चाई का रहा है। इसी परंपरा के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का अपने गुरु के चरण-स्पर्श व पूजा-अर्चना, गुरु के प्रति उनकी सम्मान व कृतज्ञता को दर्शाता है। आज के इस वैज्ञानिक युग व पश्चिमी शिक्षा के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण गुरु और शिष्य के संबंधों में कुछ कमी अवश्य आई है। जिस कमी को दूर करने के लिए हमें गुरु पूर्णिमा जैसे उत्सवों को धूमघाम से मनाना चाहिए, ताकि गुरु और शिष्य के सम्मान की परंपरा आने वाले समय में भी कायम रहे। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने कहा कि बच्चे के पहले गुरु माता-पिता होते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा आदि थे।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां

# सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक वर्ग का वंदन कर भारतीय संस्कृति की परंपरानुरुप आयोजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं, विचारों और भाषण के माध्यम से गुरु महत्व पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि भारत के उत्थान में गुरुओं के अमूल्य योगदान की सराहना की और छात्रों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुरु केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते बल्कि जीवन जीने की कला सिखाते हैं। निदेशिका स्नेह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु पूर्णिमा का आयोजन यह दर्शाता है कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु हमें अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि गुरुजनों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। वे हमारे पथ प्रदर्शक तथा जीवन रूपी अंधकार को दूर कर प्रकाश प्रदान करते हैं। अतः हमें अपने गुरुओं का आदर सम्मान कर उन्हें गर्व महसूस करवाना चाहिए।

### गुरु पूर्णिमा फ्री हेल्थ कैंप आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आयुष विभाग की ओर से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देवनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला व सरपंच कृष्ण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने कहा कि आयुष पद्धति एक प्राकृतिक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली है, जो न केवल रोगों के उपचार में मदद करती है, बल्कि स्वास्थ्य को बनाए रखने और रोगों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आयुष पद्धति शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है। जिससे रोगों के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुष फ्री हेल्थ कैंप का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

# संस्कृति व संस्कारों से जोड़ सामाजिक अपराध पर अंकुश लगाने में जुटे महंत

- एक साल में चार महीने श्रीमदभागवद कथा और 6 महीने युवा चरित्र निर्माण शिविरों में करते हैं प्रवचन, स्वाभिमानी बनने के लिए ग्रामीणों को करते हैं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

भारतीय संस्कृति और संस्कार पूरे विश्व में विख्यात हैं, लेकिन पश्चिमी देशों की अश्लीलता का प्रसार होने से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से भटकने लगी है। परिवार में आपसी सामंजस्य और एकता टूटनी आरंभ हो गई, जिसके प्रभाव से समाज और अमीरों में विभाजित होने लगा है। बचाव के लिए दौंखेरा आश्रम के महंत उदयनारायण दास ने युवाओं को संस्कारवान बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक साल में चार महीने श्रीमद भागवद कथा तथा छह महीने युवा चरित्र निर्माण शिविरों में प्रवचन करते हैं। गौरतलब है कि नांगल चौधरी के विभिन्न गांवों में करीब 50 आश्रम संचालित हैं, जिनमें सेवारत सभी महंत धार्मिक विचारों का प्रसार करते हैं। अधिकांश आश्रम में वार्षिक मेला लगाने की परंपरा बनी हुई है, तथा सामाजिक गतिविधियों भी कराई जाती हैं। इसी क्रम में वीर हनुमान मंदिर दौंखेरा के महंत उदयनारायण दास ने युवाओं में संस्कृति और संस्कारों के पतन पर चिंता जताते हुए समाधान की रूपरेखा बनाई है। उन्होंने कहा कि संस्कार वहीन युवा समाज और राष्ट्र का भला नहीं कर सकता और ना ही परिवार के पालन-पौषण में योगदान दे सकता है। अधिकांश युवा गलत संगत में रहकर संगीन अपराधों की तरफ अग्रसर हो रहे हैं, जिससे समाज की शांति व्यवस्था प्रभावित हुई है। परेशान अभिभावक अपनी ही संतानों को संपत्ति से बेदखल करने लगे हैं। कई बुजुर्गों को जीवन के अंतिम दिन वृद्धा आश्रम में बिताने पड़ते हैं।


नांगल चौधरी। गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन करते हुए महंत उदयनारायण दास।

#### समाज में ऐसी व्यवस्था हो, जरूरतमंदों को मांगने की शर्मिंदगी नहीं झेलनी पड़े

महंत उदयनारायण दास ने बताया कि गांव व शहरों में करीब 35 फीसदी लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, जो जरूरतमंदों की मदद करने में सक्षम हैं। लेकिन उन्होंने मेलमिलाप के दायरे को सिमित बना लिया जिससे गरीब वर्ग से दूरियां बढ़ गई और सामाजिक विकास लटका हुआ है। उन्होंने संपन्न लोगों को समाज में ऐसी व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे जरूरतमंदों को मांगने की शर्मिंदगी नहीं झेलनी पड़े। संपन्न लोग गांव वाइज सोसायटी स्थापित करके आर्थिक सहायता देने की परंपरा शुरू के लिए प्रेरित किया है।

#### महंत के प्रयासों से युवाओं की भारतीय संस्कृति में रूची बढ़ी

दौंखेरा के पंचायत समिति सदस्य लीलाराम, सरपंच इंद्राज गांधी, राजेंद्र प्रसाद, बिक्रम सिंह ने बताया कि महंत उदयनारायण दास सिद्यांतवादी हैं। उनके प्रयासों से युवाओं का रूझान भारतीय संस्कृति और सामाजिक संस्कारों की तरफ बढ़ा है। श्रीमदभागवद कथा में करीब 15 गांवों के श्रद्धालू पहुंचते हैं जिससे आपसी भाईचारे को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि महंत ने एक साल में 10 महीने समाज सुधार और धार्मिक विचारों के प्रसार के लिए निर्धारित किए हैं।

## शराब का ठेका खोलने के विरोध में धरना जारी

**मंडी अटेली।** कस्बे के धन्नौदा रोड पर वार्ड तीन चार के रिहायशी क्षेत्र में शराब का ठेका स्थापित करने के विरोध में वार्ड व रोड के लोगों ने पांचवें दिन बारिश में टेंट लगाकर धरने पर बैठकर प्रदर्शन जारी रखा। धरने में अटेली कस्बे के अनेक लोग शामिल हुए। धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि यहां शराब ठेका खुलने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने के साथ समीप रेल लाइन होने के कारण हादसा का अंदेशा बना रहेगा। वार्ड के लोग रात्रि को इसी रास्ते से टहल कदमी करने के साथ, स्कूल की छात्राओं का आने जाने का यहीं रास्ता है। इसके अलावा इस स्थान पर दो मंदिर भी है तथा रेलवे लाइन समीप होने के चलते शराब पीने के बाद बेहोश अवस्था में दुर्घटना का बड़ा कारण हो सकता है। ठेके को खोलने को लेकर महिलाओं में खासा रोष है। वहीं कस्बे के लोग मंत्री अरविंद शर्मा को शराब ठेके के मामले में ग्रीवेंस बैठक नारनौल में इस समस्या के बारे में अवगत भी कराया है।

- नशे के खिलाफ एकजुट हुए सैकड़ों महिला पुरूष


मंडी अटेली। पांचवें दिन बारिश में धरने पर बैठे ग्रामीण।

### भाजपा ने गुरु पूर्णिमा पर जिलेभर के धार्मिक गुरुओं का किया सम्मान

**नारनौल।** प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन के श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम के तहत प्रदेश के धर्म गुरुओं, शिक्षकों एवं अन्य कला के गुरु एवं शिक्षकों के सम्मान हेतु अभी दो दिन पहले प्रदेश भर में नियुक्त संयोजकों एवं सहसंयोजक द्वारा बनाई गई टीम ने जिला महेंद्रगढ़ में इस धार्मिक अनुष्ठान को पूरी श्रद्धाभाव से संपन्न किया। जिला संयोजक जेपी सैनी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पहले से ही गुरुओं का सम्मान करती आई है और आज गुरु पूर्णिमा पर भी कार्यकर्ता जाकर गुरुओं का सम्मान कर रहे हैं। गुरु बगैर जीवन अधूरा है, गुरु बिन किसी भी व्यक्ति की नैया पार नहीं हो सकती। इसलिए जीवन में गुरुओं का हमें सम्मान करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर हमेशा चलना चाहिए। कार्यक्रम के तहत उन्होंने आज मां अन्नपूर्णा धाम नांगल सोडा, बाबा खाटू श्याम धाम जोरासी के महंत कमलकांत, गुरुद्वारा सिख सभा नारनौल जाकर ग्रंथि, विख्यात प्रसिद्ध शास्त्री वेदों के विद्वान 100 साल के गुरु श्री देवदत्त शास्त्री के निवास पर जाकर उनका भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में पार्टी के सहसंयोजक मनीष संघी, मंडल महामंत्री नारनौल महेश सैनी आदि रहे।

- पार्टी हाईकमान ने प्रदेशभर में गठित की थी इस काम के लिए टीम

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया



**नारनौल।** शहर की अग्रवाल सभा भवन में वीरवार को भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। राजेश्वरम परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अंतिम दिन रामकथा व भजनों के साथ पादुका पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पचौखरा धाम से पधारे महंत गुरुप्रसाद के द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी राजेश्वरानंद महाराज की पादुका पूजन करवाया गया। पादुका पूजन में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया और गुरु चरणों का पूजन किया। अंतिम दिन रामकथा कहते हुए बागेश्वर धाम से पधारे आचार्य रोहित रिछारिया ने कहा कि हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हम गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम की कथा सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सत्संग बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता हैं। आचार्य ने कहा कि व्यक्ति उतने ही समय तक जीवित है जितने समय तक सत्संग का आनंद ले रहा है बाकि समय तो वह मृत है। आचार्य ने कथा में भगवान राम के जन्म से लेकर बाललीला सहित अनेक लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुंबई से जतिन विनोद अग्रवाल अपने भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भावपूर्ण भजनों से भक्त प्रभु की भक्ति में सराबोर हो गए। इस मौके पर बालाजी धाम हापुड़ से यशवर्धनाचार्य महाराज व नगर कोट धाम नांगल सोडा से गुरु मां अन्नपूर्णा भी मौजूद रही। इसके अलावा शहर में विभिन्न स्थानों पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## कमेटी को तीन दिन में एसडीएम को सौंपनी होगी रिपोर्ट

# पंच के आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ग्राम पंचायत माजरा खुर्द पर पंच सुरेंद्र सिंह की ओर से लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एसडीएम की ओर से एक कमेटी का गठन कर दिया गया। तीन में कमेटी अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेगी। वहीं पंच सुरेंद्र आठवें दिन में भूख हड़ताल रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मौके पर पहुंचकर पंच सुरेंद्र सिंह की स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। उनका कहना है जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। वीरवार को पंच सुरेंद्र सिंह की ओर से एसडीएम के नाम एक मांगपत्र सौंपा। उन्होंने एसडीएम से पांच जनवरी 2024 को पंचायत कबाड़ की बोली लगी की रसीद की कॉपी जांच में शामिल करने, पूर्व सरपंच की ओर से गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, सोलर सिस्टम की नीलामी की जानकारी, सरपंच दीपिका की ओर से लगाई गई लाइटों की खरीद बिल व कोटेशन की कॉपी, पेड़ कटाई के लगाई बोली की राशि का पंचायत खाते में डाली रसीद व कैश बुक पेपर की कॉपी जांच करने, सरपंच का रिहायशी मकान की पैमाइश कराने की मांग की है। पंच सुरेंद्र सिंह का कहना है कि सरपंच दीपिका कुमारी व सरपंच पति प्रतिनिधि प्रवीण यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि मनरेगा में कोई कार्य नहीं हुआ है, जबकि मजदूरों के खाते में मनरेगा के तहत पैसे डाले गए हैं। सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि कार्यों की वीडियोग्राफी व फोटो जांच में पेश करके मजदूरों की बायोमेट्रिक हाजिरी जांच कराने की भी मांग की है।


महेंद्रगढ़। धरने पर बैठे पंच सुरेंद्र व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### फर्जी कागजात लगाकर लड़ा सरपंच का चुनाव

पंच सुरेंद्र सिंह गांव की सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि दीपिका सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि पति का कहना है उनकी शादी सामाजिक रूप से सात जुलाई 2022 को हुई थी। जिसका रजिस्ट्रेशन चार अक्टूबर 2022 को हुआ। इसी मैरिज सर्टिफिकेट से ग्राम माजरा खुर्द के सभी दस्तावेज बनवाए गए और सरपंच का चुनाव लड़ा। जिसमें दो नवंबर 2022 को परिणाम घोषित हुए। 26 नवंबर 2022 को प्रवीण का लग्न समारोह व 28 नवंबर 2022 को शादी हुई थी। उन्होंने फर्जी कागजात लगाकर चुना लड़ा है। इस मौके पर दौलत राम, रविकांत, प्रेम देवी, बलजीत, चेतराम, राजाराम, परमानंद, ईश्वर पंच, लाली, सुमन, अनीता, कौशल्या, विक्रम शर्मा, रामवतार सिंह, राजवीर आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005